समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# D Gukesh ने कर दिखाया कमाल ! Magnus Carlsen की हार के बाद बोले – “वो जैसे आंख मूंदकर खेल रहा था…”

Publisher Published on 03 Jun 2025



## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेटं मे भंारतीय ग्रैडंमास्टर D गुकेश ने वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को दी पहली क्लासिकल हार, जानिए कार्लसन ने क्या कहा हार के बाद ।

**ओस्लो :** भारतीय शतरंज खिलाड़ी **डी गुकेश (D Gukesh)** ने इतिहास रचते हुए **नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता 2025 मे वंर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन (Magnus Carlsen)** को क्लासिकल मुकाबले में हराकर सभी को चौंका दिया। यह गुकेश की कार्लसन पर क्लासिकल फॉर्मेट में पहली जीत है।

**19 वर्षीय गुकेश** ने इस शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट की अंक तालिका में **8.5 अंकों** के साथ तीसरे स्थान पर जगह बना ली है, जबकि **कार्लसन** और **अमेरिका** के फैबियानो कारुआना संयुक्त रूप से **9.5 अंकों** के साथ पहले पायदान पर बने हुए हैं।

**मैग्नस कार्लसन का भावुक बयान : “आंख मूंदकर भी वो जीत गया”**
मैच हारने के बाद शतरंज बोर्ड पर गुस्से में हाथ मारने वाले कार्लसन ने मीडिया से दूरी बनाए रखी थी, लेकिन अब उन्होंने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है।
**कार्लसन** ने कहा:”कभी-कभी ऊर्जा, जुझारूपन और उम्मीद आपकी चालों की गुणवत्ता से ज्यादा असर करते हैं। मुझे लगता है वो जैसे आंख मूंदकर खेलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वो लड़ता रहा और उसे जीत मिली।”

**“हर मौके का फायदा उठाया” – गुकेश की तारीफ**

कार्लसन ने डी गुकेश की तारीफ करते हुए कहा कि वह हर मौके को भुनाने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

उन्होंने कहा: “वो बहुत अच्छा खेला, बेहद जुझारू और फोकस्ड रहा। उसने हर मौके को अपनाया और यही उसकी जीत की वजह बनी।”

**“मुझे शायद क्लासिकल शतरंज उतना पसंद नहीं” – कार्लसन का संकेत**

अपनी हार से निराश कार्लसन ने यह भी कहा कि उन्हें भविष्य में क्लासिकल शतरंज खेलना है या नहीं, इस पर दोबारा सोचना होगा:”मैं अगले तीन राउंड खेलूंगा, लेकिन इसके बाद मुझे यह तय करना होगा कि मैं अगले साल यहां (नॉर्वे) या किसी और क्लासिकल टूर्नामेंट में हिस्सा लूंगा या नहीं। शायद अब ये फॉर्मेट मुझे उतना नहीं भाता।”

टूर्नामेंट की स्थिति

| स्थान | खिलाड़ी | अंक |
|---|---|---|
| 1 | मैग्नस कार्लसन, फैबियानो कारुआना | 9.5 अंक |
| 3 | डी गुकेश | 8.5 अंक |

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.